आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 गुरूवार** **दिनांक 18.09.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

1– राजिम से रायपुर के बीच आज से शुरू हुई नई मेमू ट्रेन सेवा–मुख्यमंत्री ने ट्रेन को राजिम से हरी झंडी दिखाकर किया रवाना।

2– स्वास्थ्य विभाग ने हड़ताली एनएचएम कर्मियों को काम पर लौटने के लिए कहा–हड़ताल कर रहे कई कर्मियों को बर्खास्त किया गया–प्रदेशभर से आए एनएचएम कर्मियों ने आज रायपुर में किया आंदोलन।

3– सुकमा जिले में आज सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में पांच लाख रूपये की एक इनामी महिला माओवादी मारी गई।

**और**

4– करीब एक सौ चालीस करोड़ रूपये के कस्टम मिलिंग घोटाले के सिलसिले में आज ईडी ने छत्तीसगढ़ की दस जगहों में छापेमारी की।

--------------

**रेल सेवा–शुभारंभ**

राजिम से रायपुर के लिए आज से नई मेमू ट्रेन सेवा की शुरूआत हुई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राजिम से रायपुर के लिए ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उद्घाटन अवसर पर मुख्यमंत्री ने रायपुर–अभनपुर मेमू रेल सेवा का विस्तार राजिम तक करने का भी शुभारंभ किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री साय ने कहा कि इस नई रेल सेवा से राजिम सहित गरियाबंद और देवभोग क्षेत्र के लोगों को भी रायपुर तक सस्ती और किफायती यात्रा का विकल्प प्राप्त होगा।

समय–सारणी के अनुसार राजिम–अभनपुर–रायपुर मेमू पैसेंजर ट्रेन कल उन्नीस सितंबर से प्रतिदिन राजिम और रायपुर से संचालित होगी।

## एनएचएम स्वास्थ्यकर्मी–कार्रवाई

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन–एनएचएम स्वास्थ्यकर्मियों की पिछले बत्तीस दिनों से चल रही हड़ताल को देखते हुए स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया ने हड़ताली कर्मचारियों को काम पर लौटने के लिए कहा है। उन्होंने सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि जो एनएचएम कर्मचारी हड़ताल खत्म कर काम पर नहीं लौटेंगे, उन्हें व्यक्तिगत कानूनी आदेश जारी कर बर्खास्त किया जाए। इसके साथ ही सभी जिलों को खाली हुए पदों की सूची तैयार करने और भर्ती प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं।

वहीं, प्रदेशभर के हड़ताली एनएचएम कर्मचारियों ने आज रायपुर में जेल भरो आंदोलन किया। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संघ के प्रदेश अध्यक्ष अमित मिरी और रायपुर जिला अध्यक्ष अशोक उइके ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि `जेल भरो आंदोलन में आठ हजार से अधिक स्वास्थ्यकर्मी शामिल हुए। इस दौरान पुलिस ने कई जिलों के कर्मचारियों को हिरासत में लिया, जिन्हें बाद में छोड़ दिया गया। ये कर्मचारी अपनी दस सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं।

इस बीच, स्वास्थ्य विभाग ने बलौदाबाजार में एक सौ साठ और कोरबा में इक्कीस एनएचएम स्वास्थ्यकर्मियों को बर्खास्त कर दिया है। वहीं, सूरजपुर जिले में मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी ने पांच सौ चौरानवे कर्मचारियों की सेवा समाप्त कर दी है। राज्य सरकार ने आज भी कई जिलों के स्वास्थ्यकर्मियों को बर्खास्त करने की कार्रवाई की है।

## मानवाधिकार आयोग–रायपुर जिला अस्पताल

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने अंतिम संस्कार के लिए स्थान निर्धारित न किए जाने के कारण छत्तीसगढ़ के रायपुर जिला अस्पताल के शवगृह में कई लावारिस शवों के ढेर लगे होने संबंधी मीडिया रिपोर्ट पर स्वतः संज्ञान लिया है। वहां अंतिम संस्कार एक गैर–सरकारी संगठन द्वारा किया जाता है। बताया गया है कि पिछले सप्ताह से ही तीन अज्ञात शवों को पोस्टमार्टम के लिए भी नहीं भेजा गया है। आयोग ने अपनी टिप्पणी में कहा कि यह मानवाधिकार के गंभीर उल्लंघन का मामला है। आयोग ने इस सिलसिले में छत्तीसगढ़ सरकार के मुख्य सचिव को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

## माओवादी मुठभेड़

सुकमा जिले में आज सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में पांच लाख रूपये की एक इनामी महिला माओवादी मारी गई है। जिले के पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने बताया कि माओवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड–डीआरजी के जवान तलाशी अभियान पर निकले थे।

मुठभेड़ में मारी गई महिला माओवादी का शव बरामद कर लिया गया है, जिसकी पहचान मलांगीर एरिया कमेटी की सदस्य बूस्की नुप्पो के रूप में हुई है। वहीं, बीजापुर जिले में कल हुई मुठभेड़ में मारे गए दोनों माओवादियों की पहचान कर ली गई है। इन दोनों माओवादियों पर सात लाख रूपये का इनाम घोषित था।

## ईडी–कार्रवाई

करीब एक सौ चालीस करोड़ रूपये के कस्टम मिलिंग घोटाले के सिलसिले में आज प्रवर्तन निदेशालय–ईडी की टीमों ने छत्तीसगढ़ की दस जगहों में छापेमारी की कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार ईडी की टीम ने राज्य के पूर्व आईएएस अधिकारी आलोक शुक्ला के भिलाई स्थित दो ठिकानों पर दबिश दी।

सूत्रों के अनुसार छापामार कार्रवाई के दौरान ईडी ने कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए हैं।

## मुख्यमंत्री–श्रमिक सम्मेलन

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर रायपुर के इंडोर स्टेडियम में आयोजित श्रमिक महासम्मेलन में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने दीदी ई–रिक्शा योजना के तहत मिलने वाली सहायता राशि एक लाख रुपये से बढ़ाकर डेढ़ लाख रुपये करने की घोषणा की। साथ ही मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक सहायता योजना के अंतर्गत श्रमिकों को मकान निर्माण के लिए दी जाने वाली सहायता राशि को भी एक लाख रुपये से बढ़ाकर डेढ़ लाख रूपये करने की बात कही। उन्होंने कहा कि पंजीकृत श्रमिकों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और इलाज का पूरा खर्च अब श्रम विभाग द्वारा किया जाएगा।

## आदि सेवा पखवाड़ा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायपुर के सड्डू स्थित प्रयास आवासीय विद्यालय में आदि सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आदि कर्मयोगी अभियान जनजातीय गांवों के जमीनी बदलाव की दिशा में ऐतिहासिक भूमिका निभाएगा।

## बिलासपुर–स्वच्छ वार्ड चैलेंज प्रतियोगिता

केंद्रीय आवास और शहरी विकास राज्यमंत्री तोखन साहू ने बिलासपुर में स्वच्छ वार्ड चैलेंज प्रतियोगिता की शुरू करने की घोषणा की है। इसके तहत हर माह सभी वार्डों का सर्वे किया जाएगा। स्वच्छता के पैमाने पर खरा उतरने वाले वार्ड के विकास कार्यों के लिए पुरस्कार स्वरूप दस लाख रूपये की अतिरिक्त स्वीकृति दी जाएगी।

वहीं, बिलासपुर नगर निगम द्वारा व्हाट्सऐप आधारित चैटबॉट सेवा शुरू की जा रही है। बिलासपुर प्रदेश का पहला नगर निगम बनने जा रहा है, जहां नागरिक अब स्मार्ट चैटबॉट के जरिए अधिकांश सेवाओं का लाभ घर बैठे ले सकेंगे।

## सेवा पर्व–01

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा और सुशासन मंत्र से अभिप्रेरित सरकार प्रगति और परिवर्तन के लिए लगातार काम कर रही है। विशेष श्रृंखला सेवा पर्व में आज, कृषि क्षेत्र में परिवर्तन और किसानों को सशक्त बनाने की दिशा में नरेन्द्र मोदी सरकार के प्रयासों का उल्लेख किया जा रहा है।

**कृषि, भारत की अर्थव्यवस्था और संस्कृति का आधार है। यह लाखों परिवारों का भरण–पोषण करती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लालकिले की प्राचीर से राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में दोहराया है कि भारत के किसान सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता हैं और किसानों के हितों से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।**

**किसानों के हितों को सुनिश्चित करने की दिशा में केन्द्र सरकार ने पिछले ग्यारह वर्षों में खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्यों में इकयासी प्रतिशत से दो सौ छब्बीस प्रतिशत तक की वृद्धि की है।**

**चलो जीते हैं**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पचहत्तरवें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म, ''चलो जीते हैं'' देशभर के स्कूलों और लगभग पांच सौ सिनेमाघरों में दिखाई जा रही है। यह फिल्म प्रधानमंत्री मोदी के बचपन की घटना से प्रेरित है।**

**रायपुर में यह फिल्म देखकर निकले दर्शकों ने आकाशवाणी समाचार से बात करते हुए कहा यह फिल्म बहुत प्रेरणादायक है और सभी युवाओं को इसे देखना चाहिए।**

**मॉडल स्कूल**

स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा है कि राज्य के सभी जिलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए मॉडल स्कूल बनाए जाएंगे। आज रायपुर में विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान श्री यादव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मॉडल स्कूल स्थापित करने योग्य स्कूलों की

जानकारी दस दिन में संचालनालय को प्रस्तुत की जाए। शिक्षा मंत्री ने कहा कि डीएवी, इग्नाइट और पीएमश्री विद्यालयों को मॉडल स्कूल के रूप में विकसित किया जाएगा।

**<u>एसीबी–ईओडब्ल्यू</u>**

एंटी करप्शन ब्यूरो और ईओडब्ल्यू ने शराब घोटाले के सिलसिले में आबकारी विभाग के तत्कालीन आयुक्त निरंजन दास को गिरफ्तार किया है। निरंजन दास पर विभाग प्रमुख के तौर पर टेंडर प्रक्रिया में हेरफेर करने और दोषपूर्ण शराब नीति बनाए जाने का आरोप है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>